# बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना

**17, Back Harding Road, Patna 800001**
**E-mail Id- bssbpatna17@gmail.com,**
**Tel. No.- 0612-2217880, Mob :- 9472269757**


निविदा प्रपत्र की कीमत- रुपया 5,000/-

## निविदा विवरण एवं शर्त्तें (उत्तर-पुस्तिका एवं अन्य सामग्री के लिए)

**(i) निविदा :-**

एतद् द्वारा मध्यमा परीक्षा 2026 के लिए उत्तर-पुस्तिकाओं का निर्माण कर बिहार के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर पहुँचाने एवं विभिन्न बैंको से व्यवहृत उत्तर-पुस्तिका एवं वांछित कागजात लाने हेतु वाहन व्यय एवं अन्य सभी व्यय तथा सभी कर सहित, कार्य के लिए पंजीकृत प्रतिष्ठित प्रेस से निम्नांकित शर्त्तो के साथ मुहरबन्द निविदा मात्र निबंधित डाक / कुरियर के माध्यम में आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता अपना मुहरबन्द / सीलबन्द निविदा सचिव, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना, फ्लैट नं॰ 17, बैक हार्डिंग रोड, पटना के पदनाम से भेज सकते हैं।

विस्तृत विवरण एवं निविदा प्रपत्र रुपया-5,000/- (पाँच हजार) का बैंक ड्राफ्ट, जो **सचिव, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना** के पक्ष में भुगतेय हो, जमा कर कार्य अवधि में प्राप्त किये जायेगें। निविदा खोलने के समय निविदा दाता स्वयं या उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। बिना कोई कारण बताये आवश्यकतानुसार किसी / सभी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत / संशोधित करने का अधिकार अध्यक्ष, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना को सुरक्षित रहेगा।

**(ii) निदेश :-**

वित्तीय निविदा एवं तकनीकी निविदा प्रपत्र अलग-अलग मुहरबन्द लिफाफों में भरे जायें। उन लिफाफों पर अलग-अलग तकनीकी निविदा तथा वित्तीय निविदा लिखा रहें। मुहरबन्द **''तकनीकी निविदा''** तथा **''वित्तीय निविदा''** पुन: एक बड़ें लिफाफें में मुहरबन्द कर जमा करें, जिस पर **''मध्यमा परीक्षा-2026 की उत्तर-पुस्तिकाओं के निर्माण हेतु निविदा''** लिखा रहेगा। पहले तकनीकी निविदा वाला लिफाफा खोला जायेगा, जो निविदा तकनीकी शर्त्तो की पूर्ति करेगा, उसी का वित्तीय निविदा का लिफाफा खोला जायेगा। तकनीकी निविदा के स्वअभिप्रमाणित कागजातों को क्रम सूची (INDEX) बनाकर पृष्ठ अंकित कर संलग्न किया जायेगा।

**(iii) निविदा की शर्त्तो :-**

1. (क) सैद्धांतिक परीक्षा हेतु उत्तर-पुस्तिकाएँ निम्न प्रकार की होगी :-

(i) For Madhyama Examination -2026
(1) Ans. Book of 16 Pages - 01.30 Lakh Approximates — * White Cream Wove Minimum 60 GSM Paper With BSSB Perforation, Board's Monogram. Size 28 cm X 21 cm. and Water mark monogram in every page.

(ii) Practical Books of 08 Pages- 20,000/- Approximates — * White Cream Wove Minimum 60 GSM Paper With BSSB Perforation, Board's Monogram. Size 28 cm X 21 cm and Water mark monogram in every page.
* A Grade Paper mills 100% Whitness.

(ख) उत्तर-पुस्तिकाओं का प्रकार के अनुसार प्रति उत्तर-पुस्तिका का दर अंकित की जाय।

(ग) ऊपर अंकित उत्तर-पुस्तिकाओं की अनुमानित संख्या वास्तविक कार्यादेश में घट-बढ़ सकती है।

(घ) एक संस्थान के द्वारा एक ही नमूना एवं उसका दर अंकित किया जायेगा। एक से अधिक नमूना एवं दर मान्य नहीं होगा।

2. उत्तर-पुस्तिका स्टैंडर्ड मिल द्वारा निर्मित न्यूनतम 60 GSM क्रीम वोभ पेपर पर मुद्रित होगा। उत्तर-पुस्तिका के ऊपरी बाँयें किनारे पर ऊपर में BSSB परफोरेशन (Perforation) तथा उसके नीचे बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना का मोनोग्राम होगा। उत्तर-पुस्तिका के हाशिये पर परीक्षार्थी का विवरण होगा। मध्य भाग में परीक्षार्थी के लिए अनुदेश तथा दायें भाग में प्राप्तांक अंकित करने के लिए प्रश्न संख्या मुद्रित होगी। उत्तर-पुस्तिका का नमूना बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। नमूने के अनुरूप ही आपूर्ति करना होगा।

3. उत्तर-पुस्तिका का आपूर्ति बोर्ड द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने की तिथि से सात दिन पहले सुनिश्चित कर प्राप्ति रसीद बोर्ड कार्यालय में जमा करना होगा।

4. **सभी परीक्षा केन्द्र पर उत्तर-पुस्तिकाओं एवं बोर्ड द्वारा दिये गये अन्य सामग्री को पहुँचाने तथा परीक्षाकेन्द्र से व्यवहृत कागजात लाने तथा निर्धारित बैंकों से उत्तर-पुस्तिका लाने के लिए वाहन, उसका भाड़ा, ईंधन तथा ड्राईवर खर्च की व्यवस्था भी निविदा दाता को ही करनी होगी।**

   निर्मित उत्तर-पुस्तिकाओं का आवश्यकतानुसार बिहार राज्य के अंतर्गत सभी जिलों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर यथासमय पहुँचाने का दायित्व उत्तर-पुस्तिका निर्माणकर्त्ता का होगा। परीक्षा केन्द्रों की सूची तथा उस पर उत्तर-पुस्तिकाओं की आवश्यकता की विवरणी बोर्ड द्वारा उन्हें उपलब्ध कराया जायेगा।

5. निविदा दाता कागज, **विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आपूर्ति करने एवं सभी सामग्री लाने में होने वाला परिवहन व्यय, उत्तर-पुस्तिका निर्माण सहित कुल व्यय (सभी प्रकार के कर सहित)** के साथ प्रति उत्तर-पुस्तिका दर अपने निविदा में अंकित करेंगे।

6. सभी कागजातों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न होना आवश्यक है। चयनित निविदा दाता को आपूर्ति आदेश निर्गत करने के पूर्व आवश्यक कागजात मूल रूप में एकरारनामा करने के समय दिखाना होगा।

7. आपूर्तिकर्त्ता के देयक से नियमानुसार स्त्रोत पर आयकर एवं **GST की कटौती की जायेगी।** यदि आपूर्तिकर्त्ता इस दायरे में नहीं आतें हो, तो उन्हें इसके लिए आवश्यक प्रमाण पत्र देना होगा।

8. उत्तर-पुस्तिकाओं के निर्माण से पूर्व उन्हें बोर्ड से नमूना को अनुमोदित कराना होगा।

9. किसी भी परिस्थिति में बोर्ड के द्वारा किसी प्रकार का कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।

10. उत्तर-पुस्तिकाओं का निर्माण एवं आपूर्ति की प्रक्रियाएँ पूर्णरूपेण गोपनीय है। आपूर्तिकर्त्ता इसे सुनिश्चित करेंगे।

11. निर्धारित मापदंड के अनुसार उत्तर-पुस्तिका की आपूर्ति नहीं होने, गोपनीयता भंग होने, गुणवत्ता में कमी पाये जाने की स्थिति में अग्रधन तथा जमानत की राशि बोर्ड द्वारा जप्त कर ली जायेगी एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी।

12. उस कार्य की वैद्यता कम से कम एक वर्ष की होगी।

## तकनीकी निविदा के साथ निम्नांकित कागजात जमा करना होगा :-

- सभी निविदा दाता को अग्रधन राशि के रूप में रु० 50,000/- (पचास हजार) रुपये का बैंक ड्राफ्ट निविदा के साथ संलग्न करना होगा। आपूर्तिकर्त्ता को आदेश निर्गत करने के पूर्व एकरारनामा करने के समय प्रदर्शन प्रतिभूति राशि के रूप में 1,00,000/-(एक लाख) का बैंक ड्राफ्ट प्रतिपूर्ति/जमानत की राशि के रूप में जमा करना होगा। प्रदर्शन प्रतिभूति की राशि जमा करने के पश्चात् अग्रधन राशि वापस कर दिया जाएगा। सभी राशि का बैंक ड्राफ्ट **सचिव, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना** के पदनाम से पटना में भुगतेय होना

चाहिए। अग्रधन की राशि का बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा खोलने की तिथि के समय कम से कम 120 (एक सौ बीस) दिन तक होना आवश्यक है।

- निविदा दाता को GST (वस्तु एवं सेवा कर) निबंधित होना चाहिए। GST चुकता करने का विगत तीन वर्ष का प्रमाण की स्वअभिप्रमाणित प्रति भी देना होगा।
- निविदा दाता को गत तीन वित्तीय वर्षो का आयकर भुगतान करने का प्रमाण की स्वअभिप्रमाणित प्रति जमा करना आवश्यक होगा। औसत टर्न ओवर कम से कम 10,00,000/- (दस लाख) रुपये प्रतिवर्ष होना चाहिए। इससे संबंधित Audited Balance Sheet एवं Auditor का हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र एवं संबंधित चार्टर एकाउनटेंट का नाम/पता (निबंधन पेपर एवं मुहर के साथ) UDIN नं० (विशिष्ट दस्तावेज पहचान संख्या) के साथ संलग्न करना होगा। **बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना तथा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति में पूर्व में जो कार्य किया हो, उन निविदादाताओं को प्राथमिकता दी जायेगी।**
- MSME (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग) द्वारा अद्यतन पंजीकृत होने संबंधी प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
- प्रत्येक निविदादाता को विगत तीन वर्षो में ऐसे सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्थानों द्वारा ली जाने वाली लोक परीक्षाओं में उत्तर-पुस्तिकाओं के निर्माण एवं आपूर्ति से संबंधित कार्यो का अनुभव का प्रमाण पत्र देना होगा। निविदादाता को पिछले तीन वर्षो में से किसी वर्ष में न्यूनतम 04 (चार) लाख उत्तर-पुस्तिका का निर्माण एवं आपूर्ति का कार्यादेश प्राप्ति लगाना होगा।
- निविदा के साथ फुल आकार का पेपर का नमूना, जिससे उत्तर-पुस्तिका का निर्माण किया जायेगा, संलग्न होना चाहिए और साथ में प्रयुक्त कागज आपूर्ति का ब्यौरा संबंधित मिल/डीलर का प्रमाण पत्र देना होगा।
- निविदा तकनीकी प्रपत्र संलग्न है।
- उत्तर-पुस्तिका की गुणवत्ता जाँच प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात् पूर्ण भुगतान किया जायेगा।

25-11-2025

(नीरज कुमार)
सचिव
बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना।

# बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना

मध्यमा परीक्षा 2026 हेतु आवश्यक सामग्री का दर ( वित्तीय निविदा )

उत्तर-पुस्तिका एवं अन्य सामग्री परीक्षा केन्द्र पर पहुँचाने एवं बैंक से मूल्यांकन केन्द्र तक व्यवहृत उत्तर-पुस्तिका लाने तथा परीक्षा केन्द्र की अन्य सामग्री बोर्ड कार्यालय लाने के साथ साथ दर

| क्र॰सं॰ | सामग्री की सूची | आवश्यकता | | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मध्यमा परीक्षा-2026 के लिए उत्तर-पुस्तिका (16 पृष्ठों का) साईज 21cm x 28 cm (60 GSM) (15 हजार छात्रों के लिए)<br>उत्तर-पुस्तिका परीक्षा केन्द्र पहुँचाने एवं लाने का दर | 1,30,000 अनुमानित | | | | |
| 2 | मध्यमा परीक्षा-2026 के लिए प्रायोगिक उत्तर-पुस्तिका (08 पृष्ठों का) साईज 21cm x 28 cm (60 GSM) (15 हजार छात्रों के लिए)<br>उत्तर-पुस्तिका एवं अन्य सामग्री बोर्ड कार्यालय में पहुँचाने का दर | 20 हजार अनुमानित | | | | |
| 3 | प्रधान परीक्षक का प्रतिवेदन | 5000 दो पृष्ठ | | | | |
| 4 | उत्तर-पुस्तिका प्रेषण विवरणी | 500 बुक | | | | |
| 5 | A4 सेन्चूरी स्टार पेपर 75 GSM | 15 कार्टून | | | | |

(iii) निविदा की शर्त्तो :-

मध्यमा परीक्षा 2026 हेतु आवश्यक सामग्री का दर (वित्तीय निविदा)

उत्तर-पुस्तिका एवं अन्य सामग्री परीक्षा केन्द्र पर पहुँचाने एवं बैंक से मूल्यांकन केन्द्र तक व्यवहृत उत्तर-पुस्तिका लाने तथा परीक्षा केन्द्र की अन्य सामग्री बोर्ड कार्यालय लाने के साथ साथ दर

| क्र०सं० | सामग्री की सूची | आवश्यकता | | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | यात्रा भत्ता विपत्र | 05 हजार | | | | |
| 7 | बड़ा लिफाफा 12 X 15 कपड़ा युक्त | 1000 | | | | |
| 8 | सादा सिफाफा | 10 हजार | | | | |
| 9 | फ्लाई लीफ | 10,000 | | | | |
| 10 | नोट सीट (100 के पैकेट में) | 20,000 | | | | |
| 11 | लिफाफा (हरा - पिला)<br>साईज 9"X4" | 04 हजार | | | | |

नोट:- आवश्यकतानुसार सभी सामग्रियों में कमी-ज्यादा किया जा सकता है तथा आवश्यकतानुसार ही छपाई का आदेश दिया जायेगा।

(iii) निविदा की शर्तें

मध्यमा परीक्षा 2026 हेतु आवश्यक सामग्री का दर ( वित्तीय निविदा )

उत्तर-पुस्तिका एवं अन्य सामग्री परीक्षा केन्द्र पर पहुँचाने एवं बैंक से मूल्यांकन केन्द्र तक व्यवहृत उत्तर-पुस्तिका लाने तथा परीक्षा केन्द्र की अन्य सामग्री बोर्ड कार्यालय लाने के साथ साथ दर

| क्र०सं० | सामग्री की सूची | आवश्यकता | | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | यात्रा भत्ता विपत्र | 05 हजार | | | | |
| 7 | बड़ा लिफाफा 12 X 15 कपड़ा युक्त | 1000 | | | | |
| 8 | सादा सिफाफा | 10 हजार | | | | |
| 9 | फ्लाई लीफ | 10,000 | | | | |
| 10 | नोट सीट (100 के पैकेट में) | 20,000 | | | | |
| 11 | लिफाफा (हरा - पिला)<br>साईज 9"X4" | 04 हजार | | | | |

नोटः- आवश्यकतानुसार सभी सामग्रियों में कमी-ज्यादा किया जा सकता है तथा आवश्यकतानुसार ही छपाई का आदेश दिया जायेगा।

(iii) निविदा की शर्तें :

# बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना

## उत्तर-पुस्तिका निर्माण सामग्री हेतु तकनीकी निविदा 2026

| क्र॰ सं॰ | संस्थान का नाम/ प्रतिष्ठान का नाम/ निविदा दाता का नाम | 50 हजार रुपये का बैंक ड्राफ्ट | निविदा प्रपत्र शुल्क 5000.00 रूपये की रसीद | GST का तीन वर्षो का प्रमाण पत्र | सभी कागजात स्वअभिप्रमाणित | अनुभव प्रमाण पत्र (न्यूनतम 04 लाख उत्तर-पुस्तिका के लिए) | नमुना मात्र एक | आपूर्तिकर्त्ता मिल का ब्यौरा एवं पेपर मिल का प्रमाण पत्र | विगत तीन वर्षो का आयकर जमा विवरण (टी॰डी॰एस॰) | Audited Balance Sheet with CA Name & Seal गत तीन वर्ष का प्रति वर्ष टर्न ओवर (08 लाख) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | | | |